## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष की पत्रकार वार्ता आज

**मण्डला।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य 25 जुलाई को दोपहर 1:30 बजे पत्रकारों से चर्चा करेंगे। यह पत्रकार वार्ता जिला योजना भवन में होगी। जिले के मीडियाकर्मियों से पत्रकार वार्ता में उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

### जिले की औसत वर्षा की जानकारी

**मण्डला।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 24 जुलाई 2024 के दौरान 654.5 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 567.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 87.2 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 जुलाई 2024 को मंडला में 13.2 मि.मी., नैनपुर में 18.6, बिछिया में 39.4, निवास में 98.4, घुघरी में 12.2 एवं नारायणगंज में 33.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस प्रकार जिले में 24 जुलाई 2024 को 35.9 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मण्डला।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निवास द्वारा ग्राम मोहगांव निवासी प्रहलाद की 31 मार्च 2024 को पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारसान के रूप में पत्नि सुहानी उइके को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### रोजगार मेला नगरपालिका टाऊन हॉल में आज

**मण्डला।** रोजगार मेला का आयोजन 25 जुलाई 2024 को नगरपालिका मण्डला के टाउन हॉल में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों के द्वारा रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। युवक-युवतियों जिनकी उम्र 18-35 वर्ष एवं योग्यता कक्षा 8वी से स्नातक एवं आईटीआई उत्तीर्ण हो वे रोजगार मेले में अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, दो फोटोग्राफ, रोजगार पंजीयन एवं अन्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की आयोजित हुई बैठक



**घुघरी।** तहसील शाखा घुघरी में पेंशनर एसोसिएशन की बैठक आहूत की गई जिसमें अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन बनाकर तहसीलदार घुघरी कोअपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा गया जिसमें इकाई शाखा चाबी के अध्यक्ष एवं सदस्य भी मौजूद थे तहसील शाखा अध्यक्ष सी अल भलावी उपाध्यक्ष देवेंद्र दीक्षित दल पटेल गजानन झरिया राजकुमार हरदा श्रीमती कौशल्या झरिया फूल कली नंदा आदि उपस्थित थे।

### अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष से भाजपा कार्यकर्ताओं ने की भेंट



**मण्डला।** अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य का मंडला आगमन हुआ। इस अवसर पर सर्किट हाउस में भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उनकी अगवानी कर जिले के विभिन्न विषयों एवं घटनाओं को अवगत कराते हुए भेंट की इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आशीष झारिया, नगर अध्यक्ष अनुराग चौरसिया, जयदत्त झा, जनपद सदस्य अजीत सिंहानी, अमित शर्मा, अंकित ज्योतिषी, सुधीर दुबे, दिनेश चौधरी, संजय गुप्ता, पूर्णिमा धुर्वे, ज्योति प्रधान सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता व पार्षदगण उपस्थित थे।

---

पुलिस रिपोर्ट न लिखे, आपकी सुनवाई न हो तो आयोग में शिकायत दर्ज करें

# जंगल आदिवासियों के जीवन व जीविका का प्रमुख आधार है-अंतर सिंह आर्य






**मण्डला।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य ने कहा कि प्रधानमत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाकर देश के सर्वोच्च पद पर आसीन किया है। इससे पूरे देश में हमारा समाज गौरान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी को भारत देश में रहने वाले करोड़ों आदिवासियों की चिंता है। इसलिए उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। जिससे उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके और उनके जीवन में खुशहाली आ सके। अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य बुधवार को कालपी जिला मंडला में अनुसूचित जनजाति बंधुओं के विकास एवं कल्याण के लिए वन समिति के सदस्यों के सुझावों पर चर्चा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर श्री प्रकाश उईके निज सचिव अनुसूचित जनजाति आयोग श्री संदीप कुलस्ते जनजाति प्रदेश भाजपा कार्यालय मंत्री जिला फारेस्ट ऑफिसर सुश्री पुष्पा सिंह नेताम एसडीएम शाहिद खान सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग साहेब सिंह जगेत सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य का कार्यक्रम में आगमन होने पर उनका फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन मंडल कार्यालय में वृक्षारोपण किया। अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश वासियों से एक पेड़ मा के नाम लगाने की अपील की है। इसलिए अभी नागरिक विभाग संस्थ्याये और समाज सेवी अनिवार्य रूप से एक फलदार पेड़ जरूर लगाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। जिससे आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण संकट का सामना न करना पड़े। अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों को कोरोना काल में सुरक्षा प्रदान की है। उन्होंने देश वासियों को राशन चिकित्सा सुविधा सहित इलाज का समुचित प्रबंध किया। देश के नागरिकों का टीकाकरण करके कोरोना से उनके प्राण बचाए हैं। अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने कहा कि जंगल आदिवासियों के जीवन का प्रमुख आधार है। जंगल आपके दैनिक जीवन की आवश्यकता को पूरा करता है। जंगल से आदिवासियों को कंद फल फूल प्राप्त होता है। इसलिए हमे जंगल की सुरक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस आपकी रिपोर्ट न लिखे आपकी कही सुनवाई न हो तो आप अपनी शिकायत अनुसूचित जनजाति आयोग में दर्ज करा सकते हैं। दर्ज शिकायत पर आयोग द्वारा विधिवत रूप से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजाति आयोग में आप ऑनलाईन शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं।

अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने कहा कि आजीविका मिशन के माध्यम से स्व सहायता समूह बनाकर महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। समूह के माध्यम से आपसी समन्वय बनाकर काम करने पर महिलाओं में जागरूकता आई है। आज महिलाएं स्व सहायता समूहों से जुड़कर स्वयं का व्यापार व्यवसाय प्रारंभ कर रोजगार स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लाड़ली लक्ष्मी योजना से बेटियों को लखपति बनाने का काम किया है। प्रदेश की बेटियाँ शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही हैं। प्रदेश सरकार ने लाड़ली बहना योजना से महिलाओं को लाभान्वित कर उन्हें आर्थिक रूप से सम्पन्न बनाने का काम किया है। महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत निःशुल्क गैस चूल्हा प्रदान किया गया है। जिससे महिलाओं का घर धुआं रहित हो गया है। आयुष्मान भारत कार्ड के माध्यम से हितग्राहियों का 5 लाख रूपए तक का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा संचालित वनधन योजना से वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों को जोड़ा गया है। उनके लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य ने कहा कि आदिवासियों को अपनी धर्म संस्कृति और रीति रिवाज का पालन करना चाहिए। यही हमारे समाज की अनमोल धरोहर है। आदिवासी अपने धार्मिक कार्य एवं अन्य कार्य अपने रीति रिवाज और परंपराओं के अनुसार करें। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं उन्हें उच्च शिक्षा दें, जिससे वे देश के होनहार नागरिक बन सकें। बच्चों को अपने परंपरागत व्यवस्था खेतीबाड़ी करना भी सिखाएं, जिससे वे अपने परंपरागत व्यवसाय में पारंगत हो सकें। अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में पेसा एक्ट लागू है। पेसा एक्ट के तहत ग्रामसभा को विशेष अधिकार दिए गए हैं। ग्रामसभा के माध्यम से आप अपने गांव के विकास और उत्थान के लिए विस्तृत कार्ययोजना जरूर बनाएं। उन्होंने वन समितियों के द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में भी विस्तार से बताया। आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती अंजू साहू ने अपने स्व सहायता समूह की उपलब्धियों एवं श्री रामप्रकाश यादव अध्यक्ष वन सुरक्षा समिति कालपी ने समिति के कार्यों के बारे में जानकारी दी। आयोजित कार्यक्रम में रूचि स्व सहायता समूह समनापुर, पूजा स्व सहायता समूह, सहारा स्व सहायता समूह और ओम शांति स्व सहायता समूह को लाभांश का वितरण किया गया।

---

# 349 घरों में किया गया सर्वे



### भर्ती सभी मरीज अस्पताल से किए गए डिस्चार्ज

मण्डला। उल्टी, दस्त से प्रभावित देवहरा घुघरी में पिछले 24 घंटों में कोई भी नया मरीज नहीं मिला है। स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा राजस्व विभाग की संयुक्त टीम प्रत्येक घर जाकर प्रत्येक व्यक्ति की जाँच कर रही है। उल्टी, दस्त के जिला चिकित्सालय मंडला में भर्ती 3 तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुघरी में भर्ती 1 मरीज को पूरी तरह ठीक होने के उपरांत अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। देवहरा ग्राम का कोई भी व्यक्ति वर्तमान में अस्पताल में भर्ती नहीं है। ग्राम में अस्थाई डिस्पेंसरी खोली गई है जिसमें चिकित्सकों की टीम पूरे समय मौजूद है।

### दवाईयों का वितरण, जल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन -



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. केसी सरौते ने बताया कि देवहरा ग्राम के सभी घरों में सर्वे किया जा रहा है। अब तक आमाटोला में 106, सरईटोला में 81, स्कूल टोला में 78, खुर्रीटोला में 22 तथा चक्कीटोला में 62 परिवारों के प्रत्येक सदस्य की जाँच की गई है। इस दौरान प्रत्येक परिवार को क्लोरीन टेबलेट तथा ओआरएस के पैकेट वितरित किए जा रहे हैं, साथ ही उन्हें साफ सफाई पर ध्यान देने, स्वच्छ पानी पीने तथा सुपाच्य भोजन करने की समझाईश भी दी जा रही है। प्रभावित क्षेत्र के समस्त जल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन करते हुए आसपास सफाई की गई है।

### मरीजों के सेंपल की रिपोर्ट निगेटिव -

ग्राम देवहरा में उल्टी-दस्त के मरीजों के सेंपल जांच हेतु जबलपुर मेडिकल कॉलेज भेजे गये थे। सभी मरीजों के सेंपल की जांच रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुई है। जानकारी के मुताबिक ग्राम देवहरा में कथित रूप से डायरिया से ग्रामीण पीड़ति हुए थे। यहां पर स्वास्थ्य टीम द्वारा 5 स्टूल डायरिया सेंपल मेडिकल कॉलेज जबलपुर भेजे गये थे। सभी सेंपल की जांच रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुई है। मरीजों के सेंपल में किसी भी प्रकार का बैक्टीरिया नहीं पाया गया है।

### एसडीएम ने किया निरीक्षण -

एसडीएम घुघरी सीएल वर्मा ने बुधवार को देवहरा घुघरी के विभिन्न टोलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्थाई डिस्पेंसरी का निरीक्षण करते हुए प्रदाय की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि काम्बेट टीम के सदस्य क्षेत्र में नजर रखें तथा किसी भी व्यक्ति में उल्टी, दस्त अथवा स्वास्थ्य संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर तत्काल स्वास्थ्य टीम तथा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएं। ग्रामीणों को टेंकर से प्रदाय किए जा रहे पानी का ही उपयोग करने की समझाईश दें। इस दौरान सीईओ जनपद घुघरी गायत्री कुमार सारथी, एसडीओपीएचई एके जोशी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### नगर परिषद के घोटाले के विरोध में कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन 26 को



भुआबिछिया। नगर परिषद भुआबिछिया में हुए करोड़ों रूपए के गबन घोटाले और भ्रष्टाचार के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने अब सड़क पर प्रदर्शन करने की तैयारी कर ली है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया के अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी ने बताया कि नगर परिषद में अधिकारियो कर्मचारियों ने मिलकर करोड़ों रूपए की शासकीय राशि का सीधे गबन किया है और नगर परिषद क्षेत्र के नागरिकों के हको को लूटा है। इसे लेकर एफआईआर तो दर्ज कर ली गई है लेकिन सभी बिन्दुओ पर सही से जाँच नहीं हो रही है और दो कर्मचारी जो मुख्य आरोपी हैं वे अबतक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। इसलिए आम जनता के हित के लिए उनके अधिकारों के लिए कांग्रेस पार्टी अब सड़क पर आकर लड़ाई लड़ेगी जिसके लिए 26 जुलाई दिन शुक्रवार को बिछिया नगर मुख्यालय में जंगी प्रदर्शन कांग्रेस पार्टी के द्वारा किया जायेगा। इस हेतु पूरे जिले से कांग्रेस कार्यकर्त्ता इस विरोध प्रदर्शन में सम्मिलित होंगे। कांग्रेस ने समस्त मोर्चा संगठनों की पदाधिकारी एवं कांग्रेस से कार्यकर्ताओं से इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की जाती है।

### 25 जुलाई लोकतंत्र का काला दिवस पर युवा मोर्चा निकालेगा मशाल जुलूस



मण्डला। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा 25 जुलाई को प्रदेश संगठन के मार्गदर्शन में काला दिवस मनायेंगे इस अवसर पर युवा मोर्चा कार्यकर्ता शाम 6 बजे स्थानीय लालीपुर चौक से शहीद स्तंभ उदय चौंक तक मशाल जुलूस निकालेंगे। भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आशीष झारिया ने बताया कि तत्कालीन देश की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा 1975 को देश के संविधान की हत्या कर देश में इमरजेंसी लगाने का पाप किया था। पूरे देश में राजनैतिक सामाजिक मीडिया तथा अन्य क्षेत्रों में कार्य करने वाले राष्ट्रहितैषियों को घरों से उठाकर जेल में डाल दिया गया था। देश के अंदर संविधान का मजाक उड़ाने वाली कांग्रेस सरकार ने कई माह तक बिना किसी कारण के जेल में बंद लोगों को अनेक यातनायें दी आजाद भारत में संविधान की हत्या कर देश में काला अध्याय लिखने वाली कांग्रेस की करतूतों के खिलाफ युवा मोर्चा विरोध स्वरूप मशाल जुलूस निकालकर काला दिवस मनायेगी। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को शामिल होने का आग्रह किया है।

---



# अवैध कब्जाधारी पर नहीं हो रही है कार्यवाही

मण्डला। हर किसी का सपना होता है कि उसका शहर में एक मकान हो परन्तु मेरा घर होने के बाद भी मेरी अनुपस्थिति में मेरे मकान में कब्जा और अवैध निर्माण कर लिए गया है मैं सुनीता जंघेला लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 12 की निवासी हूं मैं अपने पति की शासकीय सेवा के कारण परिवार के साथ विगत 17-18 साल से बालाघाट में रह रही हूं। इस बीच मेरे उक्त मकान के पीछे रहने वाली श्रीमती श्यामा बाई बैरागी पति श्री शुकुल दास बैरागी के द्वारा मेरी दीवाल तोड़कर मेरे मुख्य मार्ग से रास्ता निकालकर अपना अवैध निर्माण कर ली है और मेरे घर में अवैध रूप से घुसकर और अपना कब्जा जमा ली है। इस संबंध में मेरे द्वारा लगातार कलेक्टर, एसडीएम, पुलिस थाना और मध्यप्रदेश की 181 मुख्यमंत्री जन शिकायत के तहत शिकायत की गई लेकिन आज तक उसका कोई भी प्रतिफल मुझे नहीं मिला है। मैं मजबूर होकर के बार-बार मुझे बालाघाट से मंडला आना पड़ रहा है मेरा अपना खुद का घर रहने के बावजूद अपने घर में ना रह करके दूसरे दूसरे लोगों के यहां रह रही हूं या फिर होटल में रहना पड़ रहा है और अपनी लड़ाई लड़ रही हूं लेकिन मुझे किसी भी तरह का सहयोग प्रशासन के द्वारा नहीं मिल रहा है

यहां तक कि मैं सांसद जी के यहां बार बार संपर्क किया, माननीय श्रीमती संपतिया बाई मंत्री मप्र शासन को आवेदन किया सीधे बात भी किया , आवेदन दिया किंतु कोई लाभ नहीं मिला है ऊपर से एसडीएम और अपर कलेक्टर के द्वारा जनसुनवाई के दौरान में यह कहा गया कि यह मामला सिविल न्यायालय में चलेगा मेरे द्वारा विगत 14 जुलाई 2024 को एसडीएम कोर्ट में आवेदन दिया था किंतु उनके द्वारा कोई भी जांच मौके में जाकर नहीं की गई ओर सिविल कोर्ट में जाने कहा गया केश निरस्त करने कहा जा रहा है आप बताइए कि किसी के मकान में अगर कोई अवैध रूप से घुस जाए उसके घर में अवैध रूप से रहने लगे और उसे कहा जाए कि सिविल न्यायालय में जाए जहां पर पहले दो लाख रुपए कोर्ट फीस दे और 10 साल तक लड़ते रहे और 10 साल तक वो बेघर रहे जबकि उसके पास अपने मकान के पूरे दस्तावेज उपलब्ध हैं यह कहां की न्याय व्यवस्था है मेरे द्वारा एसडीम कोर्ट मंडला में आवेदन किया गया किंतु बिना कोई जांच किए बिना किसी आस पड़ोस के निवासी से पूछे बिना ही मेरे केस को निरस्त करने कहा गया और सिविल न्यायालय में जाने के लिए कहा जा रहा है इसका मतलब यह कि मेरा अपना खुद घर में अगर कोई पड़ोसी अवैध रूप से घुस जाए तो मुझे पहले सिविल कोर्ट में जाकर दो लाख रुपए कोर्ट फीस टिकट लगाना होगा वकील करना होगा उसके बाद में मेरी सुनवाई होगी दस साल तक इंतजार करे न्याय पाने के लिए क्या ये सही है और मुझे लंबे समय तक न्याय का इंतजार बेघर बन कर करते रहूं यहां का पूरा प्रशासन तंत्र मर चुका है यहां के शासन तंत्र भी पूरी तरह से नाकामयाब हो चुका है और हमें दर-दर की ठोकर खाने को मिल रही है मेरे पति अभी 3 साल के बाद रिटायरमेंट हो जाएंगे तो हम रहेंगे कहां यह बताइए जबकि मैं पढ़ी-लिखी जागरूक महिला हूं नगर के सभी शासकीय अशासकीय कार्यक्रमों में मेरी भागीदारी रही है,मैं बाल कल्याण समिति की सदस्य भी रह चुकी हूं सभी राजनीतिक दल के नेताओं से अधिकारियों से मेरे मधुर संबंध हैं इसके बाद भी जब मुझे फल नहीं मिल रहा है यह घटना शहर की है शहर में अगर यह इस तरह से हालत है तो ग्रामीण क्षेत्रों में क्या हालत होगी आप समझ सकते हैं इसमें पूरी तरह से प्रशासन तंत्र फेल है और राजनीतिक नेतृत्व नाकामयाब हो गया है यह सिद्ध होता है पीड़ति दर दर की ठोकर खा रहा है लेकिन न्याय नहीं मिलने से अंत में प्रार्थी को खुद ही आत्मघाती कदम उठाना पड़ेगा ऐसा लग रहा है।





## खबर संक्षेप

### बीटीआई स्कूल में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



**गाडरवारा।** स्थानीय पीएमश्री शासकीय बालक उ मा विद्यालय (बीटीआई) में बीते हुये दिवस सत्र 23-24 के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं वार्षिक परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त विद्यार्थियों का वैश्य महिला मंडल के द्वारा प्रतिभा सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम के तहत कक्षा 10 वी के 14 और 12 वी के 18 छात्रों को स्कूल बैग प्रदान किये गए। इस कार्यक्रम में वैश्य महिला मंडल की जिला अध्यक्ष श्रीमती सपना जैन, तहसील प्रभारी श्रीमती मृदुला अग्रवाल, तहसील अध्यक्ष मंजू जैन, कोषाध्यक्ष श्रीमती अंजलि अग्रवाल, शिखा नीखरा, किरण साहू, संगीता सोनी, गीता अग्रवाल, निर्मला पटेल, अनुराधा अग्रवाल, सुरभि नीखरा सहित अन्य महिलाये मौजूद थी। वही कार्यक्रम का संचालन सुनीता शर्मा और शिल्पी गुप्ता द्वारा किया गया। संस्था प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटेल के द्वारा सभी अतिथियों और छात्रों का अभिवादन किया गया।

### विकास खण्ड स्तरीय शालेय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित



**गाडरवारा।** स्कुल शिक्षा विभाग की विकास खण्ड स्तरीय शालेय शतरंज प्रतियोगिता शिक्षा सत्र 2024 - 25 का आयोजन स्थानीय एक निजी स्कूल में किया गया। प्रतियोगिता में नगर के काबरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल गाडरवारा, ए.पी. स्कूल गाडरवाड़ा, एकलव्य स्कूल, शासकीय बीटीआई स्कूल गाडरवारा, शासकीय विद्यालय आमगांव छोटा, न्यू एज पब्लिक स्कूल गाडरवारा, न्यू एरा पब्लिक स्कूल गाडरवारा और शासकीय आदर्श स्कूल गाडरवारा के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की गई थी। वही कार्यक्रम की कार्य योजना को संपन्न कराने में विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या और विकास खंड खेल अधिकारी अनुज जैन एवं वरिष्ठ खेल शिक्षक मुकेश पटेल, अजय सोनी, विक्रम शर्मा सहित अन्य लोगों क अहिम भूमिका देखने मिली। वही प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में यूएनएस हुसैन, प्रीति ठाकुर, रीतेश सोनी, रोबिन सिंह ठाकुर, आदित्य द्विवेदी भी मौजूद रहे।

### दम तोड़ रही युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाएं

**गाडरवारा।** जहां एक ओर प्रदेश की सरकार द्वारा शिक्षित बेरोजगारो को रोजगार मुहैया कराने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि यह योजनाएं बैंको की मनमानी के चलते दम तोड़ रही है? गौर किया जावे तो अनेक रोजगार मूलक योजनाओं के आंकड़े बेहद चौकाने वाले है जो हर वर्ष बैंको की हठधर्मी की वजह से योजनाओं के लक्ष्य की पूर्ति नही हो पा रही है? ऐसे में युवा की जिन्दगी संभालने के लिये चलाई जाने वाली योजनाओं के नाम पर खुद को छला महसूस कर रहे है। स्वरोजगार पाने की खातिर अनेक युवा बैंको के चक्कर काट काट कर परेशान होकर थक गये है, वही दूसरी ओर देखा जावे तो शिक्षित बेरोजगारो की उम्मीदे दम तोड़नें लगी है? बैंको द्वारा सहयोग नहीं किये जाने से विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत ऋण प्रकरणो में से आाधे हितग्राही भी लाभांवित नही हो पाते, बैंको में स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरण भेजने के बाद वहां से शिक्षित बेरोजगारो को ऋण मिलना टेडी खीर साबित हो रहा है? युवाओं द्वारा स्वरोजगार योजनाएं के लिए दिये गये आवेदन के संबंध में जब संबंतिध अधिकारियों से चर्चा की जाती है तो वहां पर बताया जाता हे कि उनके द्वारा प्रकरण तैयार करते हुए बैंकों में भेज दिया गया है, मगर बैको में अधिकारी बात करने के लिए भी तैयार नही होते है, जिसके चलते प्रदेश की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं लगातार फेल होती हुए जान पड़ रही है।

# तालाब, अमृत सरोवर डेम की गुणवत्ता को लेकर सवाल

## निर्माण कार्यों की जांच हुई तो उजागर हो सकती है चौंकाने वाली सच्चाई









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रक्रिया संपन्न पूरा दो साल से भी अधिक का समय बीते चुका है। मगर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिस तरह बीते हुये त्रिस्तीय पंचायती राज के कार्याकाल के दौरान ऊपर से लेकर नीचे तक शासकीय धन की होली खेली गई है उसकी जांच को लेकर नये जनप्रतिनिधियों की चुप्पी निश्चित तौर से चोर चोर मौसयाते भाई का संदेश देने में कोई कसर नही छोड़ रही है...? क्योंकि जहां एक ओर सरकार द्वारा लोगों को लाभ प्रदान करने की सोच रखते हुये बीते हुये त्रिस्तीय पंचायती राज के कार्याकाल के दौरान अनेक प्रकार की योजनाओं के नाम पर मनमाना रूपया खर्च किया किया गया। मगर उन योजनाओं के तहत होने वाले निर्माण कार्यो में क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय धन की किस प्रकार से होली खेली गई है यह सच्चाई निश्चित तौर से गाडरवारा तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने पंचायतों में बनाये गये तालाब व अमृत सरोबर डेमों के निर्माण कार्यो में आसानी से देखने मिल रही है..? बताया जाता है कि जहां पर लाखों रूपया खर्च करते हुये गांवों के पुराने नालों व ऊबड खाबड़ जगहों में पड़त पड़ी हुई भूमि को चारों ओर से मिट्टी डालने की औपचारिकता पूर्ण करते हुये तालाब व डेमों का नाम देते हुये लाखों रूपया निकाले जा चुके है? वही दूसरी ओर बताया जाता है कि सरकार की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई परियोजना के तहत जनपद पंचायत चीचली सहित चावरपाठा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुछ ग्राम पंचायतों में बडे स्तर पर लाखों रूपया खर्च करते हुये तालाब व डेम बनाने का कार्य किया किया गया था। वह निश्चित ही गुणवत्ता को लेकर सबालों के घेरे में आने से नही चूक रहे है? कुछ इसी प्रकार का हाल इस समय बीते हुये दो साल के कार्यकाल में फिर दिखाई देना शुरू हो चुका है और कुछ पंचायतों के लिये तो अमृत सरोबर दुधारू गाय साबित होने से नही चूक रहे है। क्योंकि अनेक जगहों पर देखा जा रहा है कि पुराने नालों को बांधकर अमृत सरोबर का नाम देते हुये लाखों रूपया निकालने जा रहे है..? यदि पूर्व में बनाये गये तालाब व डेमों से लेकर वर्तमान के अमृत सरोबरों की निष्ठा के साथ जांच होती है तो चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी? क्योंकि निर्माण कार्य करने वाले एजेन्सी में अध्यक्ष के रूप में पंचायत का सरपंच व इंजीनियर प्रमुख होता है। इस योजना की सच्चाई पर गौर किया जावे तो सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को सिंचाई के साधन उपलब्ध कराने की सोच को ध्यान में रखते हुये गांवों में पड़त पड़ी हुई शासकीय भूमि पर तालाब व डेम निर्माण कराने की शुरू आत की गई थी। तालाबों का निर्माण उस जगह होना था जहां पर बारिश का पानी आसानी से पहुंचते हुये उसमें रूक सके। वही डेमों को लेकर बताया जाता है कि इस प्रकार के नाले जिनमें बारह मास पानी रहता हो और डेम बनाते हुये उस पानी को रोका जावे जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के किसान अपनी सिंचाई करते हुये कृषि को लाभ का धंधा बना सके। मगर देखने मिल रहा है कि इस योजना के तहत जहां तहां बनाये गये तालाब व डेमों में शासन की लाखों रूपया की राशि खर्च तो वही है। मगर वहां पर आज भी भूमि पूर्व की तरह समतल ही नजर आ रही है तो दूसरी ओर सही मायने में देखा जावे तो यह योजना मात्र कागजों में भी संचालित होने से नही चूकी है। बताया जाता है कि जिस प्रकार से योजना के तहत क्षेत्र की पंचायतों में हुये तालाब व डेमों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जहां सरकार की सोच पर ग्रहण लगने से नही चूकी है तो वही दूसरी ओर यह योजना क्षेत्र के सरपंचों के लिये एक मलाईदार साबित हुई है..? बताया जाता है कि इस योजना के तहत क्षेत्र की अनेक गांवों में जिस प्रकार से लाखों रूपया की राशि खर्च करते हुये तालाब व डेमों का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। यदि उस निर्माण कार्यो की निष्ठा के साथ जांच होती है तो बडे स्तर पर गफलत बाजी की सच्चाई उजागर होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? सूत्रों से मिल रही जानकारियों के अनुसार अनेक जगहों पर बनाये गये तालाब, डेमों से लेकर पंचायत के नये कार्यकाल के दौरान बनाये गये अमृत सरोबरों की स्थिति तो इस प्रकार से देखने मिल रही है कि जिन में बारिश एकत्र होने की संभावना ही नही की जा सकती है। वही दूसरी ओर यदि बारिश का पानी उन तालाबों में पहुंच भी जाता है तो उसके आस पास दीवार बनाने के लिये एकत्र की गई मिट्टी जारा सी बारिश में ही बह जावेगी..? कुछ इसी प्रकार का हाल डेमों का देखने मिल रहा है जो वर्षो पुराने नालों पर मात्र दीवार खडी कराते हुये निर्माण कार्य की औपचारिकता निभा डाली है। इस प्रकार से जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी कही जावे या फिर मिली भगत के चलते सभी माप दंडों का दर किनार करते हुये बनाये गये इन तालाब व डेमों के चलते आसपास के उन किसानों को भी क्षति पहुंचने से नही चूक रही है जिनके खेत इन तालाबों से लगे हुये है। क्योंकि बनाये गये तालाबों व डेमों की दीवारों का सही नाप तौल नही किये जाने का परिणाम है कि बारिश का पानी आस पास के किसानों के खेतों को क्षति पहुंचाने से नही चूकेगा। कुछ इसी प्रकार का हाल बारहाबड़ा के आसपास की ग्राम पंचायत का देखने मिल रहा है जहां पर बताया जाता है कि पंचायती राज के बीते हुये कार्यकाल के दौरान ग्राम पंचायत के अधीन बनाये जाने वाले तालाब के नाम पर राशि निकल चुकी थी। मगर तालाब का निर्माण कार्य आज भी अधूरा होने की चर्चा है? यदि इस तालाब की जांच होती है तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही बच पायेगी? इस तरह तालाब व डेम निर्माणों में हुई गफलत बाजी को लेकर बीते हुये वर्ष क्षेत्र के कुछ ग्रामीणों द्वारा शिकायत भी गई थी। मगर इसके बाद भी अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही किये जाने के कारण इस प्रकार से शासन की योजना के नाम पर हो रही मनमानी पर अंकुश नही लग पाने के कारण जहां शासकीय राशि को खुलेआम दुरूपयोग हुआ है। वही दूसरी ओर क्षेत्र के अन्य किसानों को काफी क्षति का सामना करने के लिये भी मजबूर होते हुये देखा जा रहा है? इस प्रकार से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई परियोजना के नाम पर हुई गफलत बाजी को लेकर ग्रामीणजनों द्वारा जांच की मांग उठाई जा रही है। जिसको लेकर ग्रामीणों का कहना है कि इस योजना में खर्च की जा रही राशि व निर्माण कार्यो की जांच की जाती है तो निश्चित तौर से बडे स्तर की गफलत बाजी उजागर होने से नही चूक पायेगी तथा इस योजना के नाम पर मलाई खाने वाले शासकीय अधिकारियों से लेकर क्षेत्र के पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों के चेहरे भी उजागर हो सकते है?

# कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर के बैठक में पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमति जायसवाल




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

निश्चित तौर से अपने एक ही कार्यकाल के दौरान कांग्रेस पार्टी की ओर से दो बार चुनाव जीतकर अपना परचम लहराने वाली पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमित अनीता/रविशेखर जायसवाल बीते हुये दिनों प्रदेश की राजधानी में आयोजित हुई कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ बैठक में शामिल हुई थी। बैठक से बापिस होने के उपरांत श्रीमति अनीता जायसवाल द्वारा बैठक के संबंध में जानकारी देते बताया कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबाजी ने भोपाल में मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की बैठक को संबोधित किया महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल के स्वागत भाषण में अलका लांबा के नेतृत्व की प्रशंसा की गई थी। बताया जाता है कि इस बैठक में मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस के प्रदेश पदधिकारियों सहित जिला अध्यक्षों ने शिरकत की गई थी। वही राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने प्रदेश भर की महिलाओं से संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा के साथ इस बात पर जोर दिया की संसद में महिलाओं को 33% आरक्षण देने का बिल पास हो गया है तो अभी तक इसको लागू क्यों नहीं किया गया। इस दौरान उन्होंने आवाहन किया कि आगामी 29 जुलाई को देशभर की महिलाओं के साथ संसद भवन का घेराव किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के रहते महिलाओं के ऊपर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहे। आगामी दिनों में मध्य प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जावेगा। इस बैठक में शामिल हुई मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अनीता/ रवि शेखर जायसवाल ने भी मीटिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर संगठन को मजबूत कैसे किया जाए इस पर अपने विचार रखे गये जिसको राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा सराहा गया।

# पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये जैन राष्ट्रीय एकता मंच दौरान किया पौधा रोपण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



जिस तरह पर्यावरण की स्थिति दिनों दिन बगड़ते हुये देखी जा रही है। वही आने वाले भविष्य के लिये चिंता जनक संदेश देने से नही चूक रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये सरकार द्वारा लोगों को पौधा रोपण के लिये लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस नगर में जैन रास्ट्रीय एकता मंच के अंतर्गत मंच के सदस्यों ने पर्यावरण को सुरिक्षत रखने के लिये शहर के मार्ग तालाब के किनारे पौधा रोपण किया गया। जीवन रक्षित पेड़ो का और बीज डाल कर बीजा रोपण भी किया गया। रोपित किये गये पौधों में मुख्य रूप से पीपल के पौधे, लक्ष्मी तरु, आम, नीम, जामुन, पारिजात, कटहल सहित के पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान जैन एकता मंच की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता काला, प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती वरखा ने कहा कि मंच की एकता व प्रेरणा से नगर जैन एकता मंच ने आज पर्यावरण के उदद्देश्य को पूरा किया। हमारा मंच अनेक सामाजिक उद्देश्यों को लेकर आगे बढ़ रहा है और एकता मंच के सभी सदस्य, स्मृति जैन, किरण नायक, रुचि जैन, आरती जैन, सुवी जैन, आशु जैन, राशि जैन, मीता जैन, मिली जैन, ख़ुशबू जैन, रूबी जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# भागवत कथा में उमड़ रहा भक्तों का जन सैलाब

## सतकर्म से देवता प्रसन्न होते हैं- पंडित कैलाशाचार्य

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम लिलवानी के खेरापति माता मंदिर के पास ग्राम लिलवानी के ममार परिवार द्वारा आयोजित कराये जा रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण में रहली से पधारे हुये मुख्य वक्ता पंडित कैलाशाचार्य के मुखार बिंद से 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा पुराण सुनने के लिये जहां प्रतिदिन लोगों का जन सैलाब उमड़ते हुये देखा जा रहा है। वही कथा के दूसरे दिवस कथा वाचक पंडित कैलाशाचार्य महाराज ने भगवान की लीलाओं का वर्णन सुनाते हुये कहा कि भगवान की भक्ति में कुछ दिन परेशानी होती है और लगता है कि हम तो बैसई ठीक थें। इस झंझट में कहा से पड़ गये। मगर मृत्यु लोक में स्वर्ग का रास्ता सिर्फ भगवान की भक्ति के मार्ग से ही मिलता है। और जब कोई भी भक्त ईश्वर का आराधना अपने सच्चे भाव से करता है उसकी परेशानी भगवान जरूर दूर करते है। इस दौरान उन्होंने सुदामा का उदाहरण देते हुए कहा कि सुदामा भगवान कृष्ण के बाल सखा थे जब भगवान कृष्ण से उनकी बहुत दिनों बाद मुलाकात हुई तो सुदामा जी की वजह से उनकी बस्ती का भी उद्धार हो गया था। मगर आज के जमाने में इस तरह के मित्र देखने मिला मुश्किल है। कथा में के दौरान श्रोताओं को बताया कि भागवत कथा पुराण सुनना मानव जीवन के लिये कर्म परमकल्याण करने वाला होता है। इस कर्म को करने से सभी का कल्याण होता है। उन्होंने शुभकर्म एवं सदकर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि दोनों कर्मो में बहुत अंतर है। सदकर्म में एक कर्म करने से सारे जगत का उद्धार होता है एवं सदकर्म का फल कभी खत्म नही होता है। सदकर्म करने से देवता प्रसन्न होते हैं। इसीलिए सभी को जीवन मे सदकर्म करते हुए भागवतीय कर्मो से जुड़े रहना चाहिए। भागवत कथा में पंडित कैलाचार्य महाराज रहली वालों ने आगे कहा कि रामायण में शबरी के जीवन में 9 प्रकार की भक्ति बताई गई है। क्योंकि जिन्होंने भगवान का मार्ग बताया है वही गुरु प्रथम पूज्यनीय है। हमारे देश मे गुरु की महिमा अपरंपार है। भगवान श्री राम एवं कृष्ण जी के भी गुरु थे। उस समय गुरू आश्रमों में रहकर शिक्षा प्रदान करते थें और शीष्य वही पर रहकर शिक्षा ग्रहण करते थें। ऐसा नही होता था कि सुबह गये और शाम को वापिस शिक्षा प्राप्त करने में वर्षो का समय लग जाता था। शिक्षा प्राप्त करने के लिये भगवान भी गये थें। कथा का वर्णन आगे सुनाते हुये बताया कि कलयुग में सिर्फ भागवत कथा ही मानव जीवन का सहारा है। क्योंकि कलयुग में एक इंसान दूसरे इंसान को नीचा दिखाता है और रुपयों के महत्त्व सहित आपसी बैर एवं भेदभाव से मानव संबंध बिगड़ रहे है। स्थिति तो यहां तक देखने मिलती है कि रूपया पैसा को लेकर भाई का दुश्मन भाई तक बनने से नही चूक पाते है। जबकि यह सब जानते है कि रूपया पैसा तो इस धरती पर रख रह जाता है। मगर इसके बाद भी लोग सभी मर्यादाओं को छोड़कर रूपया पैसा के लिये एक दूसरे के दुश्मन बनने से नही चूक रहे है।

# केन्द्र से लेकर प्रदेश व नगर की सत्ता में काबिज सत्ताधारी पार्टी पार्षद ने कॉलोनी की समस्याओं लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

अक्सर चुनावी महौल के दौरान नेताओं के मुंह से यह बात सुनी जाती है कि भैया हमारी पार्टी केन्द्र से लेकर प्रदेश में काबिज और यदि अब आप नगर में भी बनवा दोगें तो निश्चित ही लोगों को किसी परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा। क्योंकि जब नीचे से लेकर ऊपर तक एक ही पार्टी की सत्ता रहती है तो अधिकारी से लेकर कर्मचारी सुनने में देर नही करते है और लोगों की समस्याओं का निदान तो चुटकी बजाते ही हो जाता है..? मगर इसके बाद भी केन्द्र से लेकर प्रदेश व नगर की सत्ता में काबिज पार्टी के पार्षद को अपने वार्ड व कालोनी की समस्याओं को लेकर जब किसी अधिकारी को ज्ञापन सौपने की स्थिति बन जाती है तो निश्चित तौर यह बात चर्चा का विषय बनने से नही चूकती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर के आजाद वार्ड क्रमांक 4 में देखने मिली रही है। जहां पर भाजपा पार्षद नगर पालिका परिषद में सामान्य प्रशासन विभाग के सभापति श्रीमति राजकुमार / सतीश कौरव द्वारा बीते हुये दिवस अपने वार्ड की समस्याओं के निदान व वार्ड में विकास कार्यो की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को जनसुनवाई दौरान ज्ञापन/आवेदन सौपा गया। सौपे गये ज्ञापन में उल्लेखित किया गया है कि आजाद वार्ड इंदिरा कालोनी गाडरवारा के भूखंड विक्रेताओं द्वारा अवैध रूप से कालोनी में क्रेतागण को भूखंडों का विक्रय किया गया है और कालोनी में सड़क, नाली निर्माण के आलवा विद्युतीकरण, पेयजल लाईन जैसे बुनियादी सुविधाओं के निर्माण कार्य नही कराये जाने के कारण क्रेतागण मूलभूत सुविधाओं को लेकर परेशान होते हुये देखे जा है। क्योंकि जिला कार्यालय द्वारा जारी सूची अवैध कालोनी की सूची में इस कालोनी के कालोनाईजर का नाम अंकित है? जिसके चलते यहां पर कालोनाईजर द्वारा अपने जो भूखंड विक्रय किये गये है अब उनमें लोगों द्वारा अपने आवासों का निर्माण कर लेगे के बाद परेशानियों का सामना करने के लिय मजबूर होना पड़ा रहा है। मांग की जाती है कि उक्त कालोनाईजर के खिलाफ कार्यवाही करते हुये जरूरी निर्माण कार्य कराये जावे तथा आगामी भूखंडो के विक्रय पर रोक लगाई जावे। इस तरह ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से वार्ड व कालोनी निवासी पार्षद प्रतिनिधि सतीश कौरव के आलवा नरेन्द्र सोनी, सुरेन्द्र कौरव, धीरज कौरव, नीलेश लोधी, शिव कुमार कौरव, बंटी चौकसे सहित अन्य लोग मौजूद थें।

## खबर संक्षेप

### जिले में 24 जुलाई तक 446.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** 24 जुलाई 2024 तक डिंडौरी जिले में 446.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा की जानकारी प्रपत्र अनुसार 24 जुलाई 2024 तक डिंडौरी में 418.8, अमरपुर में 410.2, समनापुर में 306.6 बजाग में 363.0, करंजिया में 378.8, शहपुरा में 546.9 और मेंहदवानी में 703.9 मि.मी. वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।

### सर्व साधारण को पक्ष रखने कलेक्टर ने जारी की सार्वजनिक सूचना

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि जिले के तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम अमोदा की भूमि खसरा नम्बर 234 रकबा 47.08 एकड़ बन्दोबस्त खतौनी संवत 1983-94 में शासकीय पहाड़ मद में तथा खसरा नम्बर 236 रकबा 18.86 एकड़, खसरा नम्बर 237 रकबा 30 एकड़, खसरा नम्बर 230 रकबा 11.80 एकड़, खसरा नम्बर 235 रकबा 10.858 एकड़ बन्दोबस्त खतौनी संवत 1983-94 में शासकीय जंगल मद में दर्ज थी। उक्त भूमियों के अंश भागों के अंतरणों में म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(7-ख) का उल्लंघन होने से अनुविभागीय अधिकारी द्वारा उक्त भूमियों में वर्तमान भूमि स्वामी प्रविष्टि निरस्त कर म.प्र. शासन दर्ज किए जाने हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त व्यवस्थापन में दर्ज भूमियों का बिना सक्षम अनुमति के अन्य व्यक्तियों के नाम अन्तरण किया गया।

### बजाग पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

# बजाग पुलिस ने किया अंधे हत्याकांड का खुलासाः मृतक से विवाद के चलते गाँव छोड़ा, हत्या कर जंगल में फेंकी लाश

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** थाना बजाग में दिनांक 17 जुलाई को सूचनाकर्ता संतोष मरावी पिता बुधराम मरावी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम तेलियापानी थाना कुकदुर जिला कबीरधाम (छ.ग.) ने रिपोर्ट लेख कराया था कि मेरे पिता 14.07.24 को घर से धुरकुटा लोहे के कास्तगारी समान पर धार लगवाने गये थे जो वापस नहीं लौटे हैं।

तलाश करने पर उनकी लाश धुरकुटा के बंजारी घाट के जंगल में पड़ी है, कि रिपोर्ट पर थाना बजाग में मर्ग क्र. 22/24 दिनांक 17.07.24 को पंजीबद्ध कर जांच की गयी, जांच दौरान शव निरीक्षण पर मृतक का शव 3 दिन पुराना होने के होना पाया गया था, शव साफ कराने पर मृतक के बदन में चोट के निशान मिलें, मृतक के शव का पीएम कराया गया, पी.एम. रिपोर्ट में डाक्टर द्वारा मृत्यु का कारण गले, छाती में आयीं चोट से होना लेख किया गया। जिसके आधार पर अप.क्र. 170/24 धारा 103 (ए), 238 (बी) भा.न्या.सं. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, मामला गंभीर प्रकृति का होने से वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई, जिन्होने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग बजाग




पुरुषोतम मरावी को थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपी की गिरफतारी करने हेतु निर्देशित किया गया, जिस पर थाना प्रभारी बजाग एवं टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अंधी हत्या के प्रकरण में, मृतक के साथ हुयें पूर्व के विवाद में संदेहियों से पूछताछ की गयी, संदेह के आधार पर मोहन परस्ते पिता बलराम परस्ते एवं उसके भाई कुंवर सिंह परस्ते पिता बलराम परस्ते निवासी हाल मुकाम भानपुर, स्थाई पता ग्राम तेलियापानी थाना कुकदुर जिला कबीरधाम (छ.ग.) से पूछताछ करने पर घटना को स्वीकार कर बताये कि दो वर्ष पूर्व हमलोग तेलियापानी छोड़कर भानपुर आ गयें मृतक बुधराम के द्वारा हमसे विवाद किया जाता था, इस कारण हमने उसकी हत्या कर लाश को जंगल में डाल दिये थे। उक्त दोनों आरोपियों ने घटना में प्रयुक्त चाकू को विधिवत जप्त किया गया।

#### -गुत्थी सुलझाने में इनकी रही भूमिका

थाना प्रभारी बजाग निरी. बी. के. पण्डोरिया, उनि. अशोक तिवारी, सउनि रमेश कुडापे, प्रआर. राघवेन्द्र सिंह, प्रआर. गोवन्दि, आर. महेन्द्र, आर. कपिल एवं समस्त स्टाफ के द्वारा लगातार प्रयास कर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## बजट में किसान को मिला झुनझुना

### सरकार ने पूरा बजट अपनी बैसाखियों को बचाने के लिए आंध्र प्रदेश और बिहार पर किया फोकस



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया यह बजट मुठ्ठी भर पूंजीपतियों को छोड़कर बाकी सभी को मायूस करने वाला हैं। राष्ट्रीय कांग्रेस किसान संगठन जिला उपाध्यक्ष डिंडौरी देव सिंह भारती ने कहा हैं कि आज के बजट में किसानों के लिए कुछ भी नहीं हैं। किसान लगातार एम एस पी की मांग कर रहा था। एम एस पी को लेकर बजट में कोई भी चर्चा नहीं हैं। किसान को कैसे कर्ज से बाहर निकल जाए इसको लेकर भी इस बजट में कुछ नहीं हैं। किसान की आय दुगनी करने की बातें करने वाली सरकार के पास कोई प्लान नहीं हैं कि कैसे किसान के आय दुगनी की जाए। कृषि उपकरणों पर जीएसटी को लेकर भी सरकार की तरफ से कोई राहत नहीं दी गई हैं। किसान लगातार आंदोलन कर रहा हैं। और अपनी मांगे बार-बार सरकार को देता हैं। लेकिन उन किसी भी मुद्दों पर सरकार द्वारा बजट पर ध्यान नहीं दिया गया हैं। साथ ही भारती ने यह भी कहा गया कि आमजन के लिए कोई ठोस उपाय नहीं सिर्फ और सिर्फ संभावनाएं तलाशने की बातें ही रही। इस बजट में गरीबी, बेरोजगारी एवं महंगाई नियंत्रण पर कोई उपाय नहीं आये।

## स्कूल विद्यालय हुआ तालाब में तब्दील

### -मामला शहपुरा नगर नवीन विद्यालय में संचालित एकलव्य विद्यालय शहपुरा का





**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिंडोरी जिला के शहपुरा नगर में एकलव्य आवासीय विद्यालय की छात्राएं बस स्टैंड स्थित नवीन हाई स्कूल के जर्जर स्कूल भवन में बैठने के लिए मजबूर हैं जबकि करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई एकलव्य आवासीय विद्यालय भवन ग्राम पिपराडी में जिसका उद्घाटन भी किया जा चुका है लेकिन आज भी नई भवन एकलव्य आवासीय विद्यालय मैं बच्चों को अभी तक शिफ्ट नहीं किया गया जिसके कारण लगभग 500 छात्र छात्राएं खंडहर स्थिति के स्कूल भवन नवीन हायर सेकेंडरी में शिक्षा ग्रहण करने के लिए मजबूर है साथ ही बरसात इतनी तेज होने के कारण नवीन विद्यालय तालाब में तब्दील हो गया जिसका जीती जागती उदाहरण यह फोटो वीडियो में बयां कर रहा है आखिर क्या कारण है कि अभी भी पिपराडी गांव में करोड़ों रुपए की लागत से बनी एकलव्य आवासीय विद्यालय स्कूल भवन में अभी भी शिफ्ट नहीं किया गया जबकि वह बिल्डिंग में टीचर भी शिफ्ट हो गए हैं लेकिन अभी भी बच्चों को वहां शिफ्ट ना किया जाना कहीं ना कहीं कुछ और ही बयां कर रहा है।

## स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत स्किल से सम्पूर्ण स्वच्छता के साथ कौशल उन्नयन कार्यक्रम संपन्न





**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जन शिक्षण संस्थान डिंडोरी परिसर में स्किल से सम्पूर्ण स्वच्छता के साथ कौशल उन्नयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर संस्थान के विभिन्न विकासखंड में स्थित प्रशिक्षण केंद्रों के प्रशिक्षकों के लिए दक्षता संवर्धन सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत वृक्षारोपण कर श्रमदान, स्वच्छता जागरूकता के लिए प्रेरित किया गया वर्तमान सत्र में कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए सिद्ध पोर्टल द्वारा लाभार्थियों का प्रवेश दिए जाने हेतु प्रशिक्षकों को स्किल इंडिया डिजिटल हब के नवीन अधिगम से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना से किया गया कार्यक्रम के लक्ष्य और उद्देश्य एवं लक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए संस्थान के निदेशक दिवाकर द्विवेदी ने जन शिक्षण संस्थान परियोजना के विषय मे जानकारी प्रदान करते हुए भारत सरकार की कौशल विकास की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के बारे में विस्तार से बताया तथा मंत्रालय द्वारा समय अनुरूप किए गए परिवर्तन की जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आदिवासी वित्त विकास निगम से राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा ने प्रशिक्षको को विभाग के माध्यम से स्वरोजगार स्थापना हेतु प्रदान किए जाने वाले ऋण योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उपस्थित युवाओं का आवाहन करते हुए उन्होंने आदिवासी विभाग द्वारा संचालित विशेष रूप से बिरसा मुंडा, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण, स्वरोजगार योजना अंतर्गत ऋण आवेदन करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी आशीष तिवारी जी ने अपने संबोधन में बताया कि जन शिक्षण संस्थान कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार स्थापना हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है इक्षुक लाभार्थियों को प्रशिक्षण लेने से संबंधित किसी भी समस्या समाधान के लिए हम सभी सदैव तत्पर हैं।

लेखाकार श्रीमती रीता मिश्रा ने बताया कि इस संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभार्थी स्वरोजगार स्थापना के साथ इस संस्थान में मास्टर ट्रेनर के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। ट्रेनर के लिए नियम प्रावधान को बताते हुए उन्होंने इस संस्थान के प्राप्त प्रमाण पत्र से होने वाले लाभ के संबंध में विस्तार से समझाया। क्षेत्र समन्वयक श्रीमती मिथिलेश परस्ते एवं श्रीमती लक्ष्मी टीकम ने स्किल से स्वच्छता पर विस्तार से जानकारी दी प्रशिक्षकों को प्रेरित करते हुए उन्होंने अपने लाभार्थियों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के साथ-साथ उन्हें लाभान्वित करते हुए आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। अतिथि वक्ता के रूप में पधारे श्री सिन्हा जी द्वारा वृक्षारोपण करने के साथ लगाए गए वृक्ष के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अनुरोध किया।

कार्यक्रम संचालन सहा.कार्यक्रम अधिकारी चंदन चैहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर सुश्री गौरी नंदा,सुखवती ,पुष्पलता ,मोनिका सुश्री रुचि यादव अंजनी मरावी, लक्ष्मी मार्को ,श्रीमती प्रिया ,सायमा सिद्दीकी सहित अनेक प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## कारगिल विजय दिवस पर भाजपा युवा मोर्चा निकालेगा मशाल जुलूस





**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अवधराज बिलैया के मार्गदर्शन में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राकेश परस्ते के नेतृत्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला डिंडोरी के द्वारा 25 जुलाई को समय शायं 6.00 बजे कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर विशाल मशाल जुलूस निकाली जाएगी। यह मशाल जुलूस पुलिस लाइन कलेक्ट्रेट तिराहा से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए रानी अवंती बाई चैक तक जाएगी एवं समापन कार्यक्रम वही होगा। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राकेश परस्ते ने भाजपा के सभी पदाधिकारी एवं नगर के आम नागरिकों से आग्रह किया है कि इस कारगिल विजय दिवस के मसाल जुलूस में सम्मिलित होकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु कार्यक्रम में आवश्यक रूप से पहुंचे।

## आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम भलवारा की सहायिका को दी गई अंतिम चेतावनी

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना मेंहदवानी ने आंगनवाड़ी सहायिका श्रीमति जानकी बाईध्पति रूपसिंह आ०बा० केन्द्र बीच टोला भलवारा को नोटिस जारी करते हुए अंतिम चेतावनी दी है। जारी नोटिस में उल्लेख है कि परियोजना मेंहदवानी की सहायिका आ०बा० केन्द्र से बिना लिखित सूचनाध्आवेदन पत्र के लगातार कई माह से अनुपस्थित है, उक्त संबंध में कार्यालय द्वारा लगातार कई पत्र जारी किया गया। परन्तु श्रीमती जानकी द्वारा किसी भी पत्र का जबाव प्रस्तुत नही किया गया। शासन के प्राप्त निर्देशानुसार पर्याप्त अवसर दिया गया। अतः अब सहायिका को नोटिस एवं 15 दिवस हेतु समाचार पत्र के माध्यम से पुनः अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। यदि 15 दिवस के अंदर संबंधित सहायिका स्वंय अपने कर्तव्य पर उपस्थित होकर अपनी अनुपस्थिति के संबंध में वांच्छित दस्तावेज इत्यादि प्रस्तुत नही की जाती है, तो कार्यालय द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही करते हुये सहायिका श्रीमती जानकी के विरुद्ध एकपक्षीय रूप से सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी।

## खरीफ फसलों के लिए आवश्यक कृषि परामर्श

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। कृषि विभाग द्वारा जिले में किसानों को खरीफ फसलों हेतु जुलाई माह के लिए कृषि परामर्श दी जा रही है। परामर्श में बताया गया कि किसान धान की फसल के लिए धान की कतार में बुवाई विधि को प्राथमिकता दें। धान की नर्सरी में यदि भुरा धब्बा ब्लास्ट के लक्षण दिखाई दे तो मेन्कोजेब 2.5ग्रा.ध्ली. पानी के हिसाब से घोल बनाकर छिड़काव करें।

खेत में पहली मचाई (पडलिंग) के पूर्व लगभग 2 टन अच्छी प्रकार से पकी हुई गोबर खाद देनी चाहिए। उर्वरकों का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर करना चाहिए। धान की बौनी प्रजातियों के लिए 100-130 किग्रा नाइट्रोजन, 60 किग्रा फॉस्फोरस ,50 किग्रा पोटाश एवं 25 किग्रा जिंक सल्फेट प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। अनुशंसित उर्वरक मात्रा से नत्रजन की 1ध3 व फास्फोरिक तथा पोटाषिक उर्वरकों की सम्पूर्ण मात्रा रोपाई के समय दें। सामान्यत:20-21 दिन पुरानी धान की 2-3 पौध को एक जगह 20 15 से. मी. के अन्तराल पर लगाना चाहिए।

**-मक्का**

इसी प्रकार से मक्का के लिए बोने के 15-20 दिन बाद डोरा (हो) चलाकर खरपतवार नियंत्रण करना चाहिए। मक्का मे अनुशसित नत्रजन उर्वरक की 1ध3 मात्रा यूरिया के रूप में बुआई के 20-25 दिन बाद अवश्य दें। खेतों मे अतिरिक्त वर्षा जल की निकासी हेतु नालियॉ बनाएं। मक्का में फॉल आर्मीवार्म की निगरानी हेतु प्रभावित क्षेत्रों में फसल के अंकुरण पर या उससे पहले 5 फेरोमैन ट्रेप प्रति एकड़ की दर से स्थापित करें। शुरूआत में फसल यदि आर्मीवार्म से प्रभावित हो तो 1.5 नीम के बीज के अर्कया एजेडिरॉक्टिन 1500 पीपीएमध 5 मि. ली.ध्ली. का पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

**-मूंग एवं उड़द**

मूंग एवं उड़द के लिए खरपतवार नियंत्रण के लिये फसल की 20-25 दिन की अवस्था पर निंदाई खुरपी या हेंड हो की सहायता से करें। जल निकासी की उचित व्यवस्था रखें।

**-अरहर**

अरहर की बुवाई के लिए मेड़ विधि को प्राथमिकता दे जिससे अच्छी उपच प्राप्त हो सके। फसल में खरपतवार नियंत्रण हेतु बुवाई के बाद व अंकुरण के पूर्व खरपतवारनाशी पेन्डीमेथिलीन 2.5-6 ली.ध्हे. की दर से 600-800 ली पानी में घोल बनाकर उपयोंग करें। बुवाई के 20-25 दिन बाद खरपतवार नियंत्रण हेतु निराई हेन्ड हो या खुरपी के माध्यम से करें तथा सघन पौधे को निकाल देना चाहिए। जल निकासी की उचित व्यवस्था रखें।

**-सोयाबीन**

सूखे अतिवृष्टि से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए सोयाबीन की बुवाई बी.बी.एफ. या रिज एवं फरों पद्धति से करें। सोयाबीन की फसल में खरपतवार नियंत्रण हेतु 15-20 दिन की अवस्था पर इमेंझेथापायर खरपतवारनाषी का 1 ली.ध्हे. की दर से 750 ली. पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। छिड़काव हेतु फ्लेट फैन अथवा फ्लड जेट नोजल के द्वारा ही किया जाना चाहिए। फसल में नीला भृंग (ब्लू बीटल ) का प्रकोप दिखाई देने पर कीटनाषक क्वीनॉलफॉस 1.5 ली.ध्हे. का छिड़काव नियंत्रण हेतु करें।

**-मौसम पर आधारित विशेष सलाह एवं उपाय**

खेत से अतिरिक्त पानी के निकास की व्यवस्था करें। इसके लिए जल निकास से लिए बनायी गई नालियों से मिट्टी हटाते रहें, जिससे खेत का पानी बाहर निकल सके।

## 27 जुलाई को आयोजित होगा जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता

### -121 विद्यालयों का हुआ पंजीयन, प्रतियोगिता में विद्यार्थी दिखायेंगे अपना हुनर

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रदेश के 9वीं से 12वीं कक्षा के अध्ययरत विद्यार्थियों को प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेश के समृद्ध शाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक रंगों, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से परिचित और जागरूक करने के उद्देश्य से वर्ष-2016 से (कोविड वर्ष 2020 एवं 2021 को छोड़कर) निरंतर "मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता'' का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला स्तरीय प्रथम चरण की प्रतियोगिता 27 जुलाई को आयोजित की जा रही है। जिला स्तरीय विजेता टीम प्रतियोगिता के दूसरे चरण में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। राज्य स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2023 की प्रथम विजेता टीम सिवनी, द्वितीय विजेता टीम सीधी एवं तृतीय विजेता टीम जिला मंदसौर रही है।

अब तक डिंडौरी जिले में 121 विद्यालयों द्वारा प्रतियोगिता के लिए पंजीयन किया गया है। वर्ष-2023 में पंजीयन विद्यालयों की संख्या 103 अंकित की गई थी। यह प्रतियोगिता जिला मुख्यालय स्थित मेकलसुता महाविद्यालय डिंडौरी में आयोजित होगी व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भोपाल में आयोजित होगी।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन




**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश ब्लॉक शाखा अमरपुर द्वारा अपनी नौ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार उप तहसील अमरपुर को सौंपा गया। ज्ञापन में केंद्र एवं अन्य राज्यों को 50ः महंगाई भत्ता दिया जा रहा हैं। जो मध्य प्रदेश में 46ः हैं। 4ः शीघ्र बढ़ाने की मांग की हैं। मध्य प्रदेशध् छत्तीसगढ़ की धारा 49 को समाप्त कर केंद्रीय तिथि से महंगाई राहत दी जाए, मध्य प्रदेश पेंशनर्स के लिए आयुष्मान स्वास्थ्य योजना एवं स्वास्थ्य बीमा योजना की मांग की गई हैं, वर्तमान में शासन द्वारा 80 वर्ष आयु पूर्ण होने के पश्चात 20ः पेंशन में वृद्धि की जाती हैं, परंतु उच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार 70 वर्ष आयु पूर्ण होने पर 20ः का लाभ दिया जाए, 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत होने वाले पेंशन को एक वेतन वृद्धि का लाभ न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा करना न्यायोचित नहीं हैं, केंद्र के समान राज्य पेंशनर्स के नियम में अविवाहित बेटी, विधवा, परित्यागता बेटी को आजीवन थर्ड पार्टी परिवार पेंशन दिया जाए, छठवें एवं सातवें वेतनमान का ऐरियस भुगतान किया जावे, आदिम जाति कल्याण विभाग के शिक्षकों को शिक्षा विभाग के शिक्षकों के समान नियुक्ति दिनांक से निर्धारित वेतनमान दिया जावे, समस्त शिक्षकों को अर्जित अवकाश की नगदी करण का भुगतान किया जावे। यह नौ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से ब्लॉक शाखा अमरपुर अध्यक्ष बी एल कुंजाम के अलावा, एस सी चंद्रौल, पी के मिश्रा, वाय एस तेकाम, आर के बर्मन, टी एस मरावी, एस एस सैयाम, रमई मरावी, इंदिरा, गोमती, संध्या, पार्वती धुर्वे, छोटी छोटी बाई यादव, कोमल सिंह ठाकुर, माखन यादव, साहब लाल पुषाम आदि पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बैंकों के समय में परिवर्तन

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति डीएलसीसी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के सभी पीएसयू बैंक के समय परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया। अब बैंकिंग का समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक होगा और ग्राहकों का समय प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक होगा। यह जानकारी अग्रणी जिला प्रबंधक जयदेव विश्वास ने दी है।

### विजय दिवस पर मशाल जुलूस आज

**नरसिंहपुर।** भाजपा युवा मोर्चा द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 25 जुलाई को 3 बजे से चर्च ग्राउंड से मशाल जुलूस भाजपा जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा के मार्गदर्शन एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में निकाला जाएगा। उक्ताशय की जानकारी युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी प्रखर दुबे ने दी।

### मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन की बैठक सम्पन्न



**नरसिंहपुर।** मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन की जिला इकाई का प्रथम परिचयात्मक कार्यक्रम संस्था के प्रदेश अध्यक्ष पलाश सुरजन के मुख्य आतिथ्य में स्थानीय रेस्ट हाउस में किया गया। बैठक में सम्मेलन के उद्देश्य व कार्यक्रमों के बारे में सुरजन द्वारा विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर जिला शाखा अध्यक्ष डॉ. जवाहर शुक्ल ने परसाई जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर केंद्रित कार्यक्रम 10 अगस्त को गाडरवारा में करने के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में इकाई के संरक्षक अजय तुलसी, पत्रकार नीलेश जाट, पत्रकार डा. बृजेश शर्मा, ब्रजेश नेमा, संजय चैबे, विजय नामदेव बेशर्म, अनीश शाह, पोषराज मेहरा, गोविंद गुंजन, निहाल छीपा आदि उपस्थित रहे। आनन्द नेमा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### श्मशान की भूमि पर अतिक्रमण कलेक्टर से की शिकायत

**नरसिंहपुर।** विगत दिवस जिले तहसील क्षेत्र करेली के मिढली ग्राम पंचायत से सरपंच एवं ग्रामीण नरसिंहपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय और कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने इंद्रपाल नाम के एक व्यक्ति पर पहले तो शमशान की भूमि पर कब्जा करने शासकीय कार्य में बाधा डाल में और विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए झूठी शिकायत कर साजिश रचने का आरोप लगाया है जिसे लेकर ग्रामीण और खुद सरपंच ने एसपी को लिखित शिकायत देते हुए पूरे मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है महिला सरपंच का कहना है कि इंद्रपाल द्वारा लगातार उनके खिलाफ झूठी शिकायतें और साजिश की जा रही है क्योंकि उन्होंने उनकी पंचायत की शमशान की भूमि पर कब्जे का विरोध किया था और राजस्व विभाग को इसकी सूचना दी थी तभी से यह आरोपी शराब पीकर कभी उसके पति के खिलाफ झूठी शिकायतकर्ता है तो कभी शासकीय कार्य में बाधा डालता है जिसे लेकर उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और विधि संगत कार्यवाही की जाए।

### एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 26 को

**नरसिंहपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 26 जुलाई को जिला रोजगार कार्यालय नरसिंहपुर प्रांगण में एक दिवसीय रोजगार मेले (प्लेसमेंट ड्राइव) का आयोजन किया जायेगा। मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को साक्षात्कार उपरांत निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। इच्छुक आवेदक अपने समस्त दस्तावेजों के साथ मेला स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ ले सकते है। उक्त जानकारी जिला रोजगार अधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

---

**शिक्षा मंत्री के गृह जिले में गिरी स्कूल की छत का हिस्सा**

# सीएम राइज स्कूल की छत का प्लास्टर गिरने से छात्राएं घायल

*कलेक्टर व एसपी ने अस्पताल पहुंचकर ली जानकारी*





**नरसिंहपुर।** सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये हर संभव प्रयास कर रही है। बेहतर शिक्षा के लिये प्रदेश मे सी एम राइज स्कूलों की स्थापना की गई। लेकिन व्यवस्थायें यहां भी दुरूस्त नजर नहीं आ रही है। प्रदेश की शिक्षा विभाग के कमान जिले के विधायक को मंत्री बना दी गई। लेकिन फिर भी जिले के व्यवस्थाओं पर कोई असर देखने को नही मिला। लोगो की मंशानुसार सी एम राइज स्कूल बेहतर शिक्षा का एक विकल्प के रूप मे देखा जा रहा था। जिले मे शिक्षा मंत्री के होते हुये भी शिक्षा व्यवस्था बेपटरी नजर आ रही है। गत दिवस स्कूल के छत का छज्जा गिर गया जिसमे आधा दर्जन छात्रायें घायल हो गये।

### जिले में दो मंत्री और व्यवस्थायें लचर

सरकार द्वारा मंत्री मंडल के गठन मे जिले के दो विधायकों को मंत्री पद दिया गया लेकिन उसका प्रतिफल जिले को बेहतर मिलता नजर नही आ रहा है और व्यवस्थायें पूरी तरह दुरूस्त नही है। चाहे निजी विद्यालयों पर लगाम लगाने का मामला हो या सरकारी स्कूलों मे व्यवस्थाओं को मामला हो दो और से लोगो को बेहतर सुविधायें नही है। गत दिवस जिले की गोटेगांव तहसील मे बने सीएम राइज स्कूल की छत का छज्जा गिर गया। जिससे लगभग एक दर्जन छात्रायें घायल हो गई। जिले मे दो मंत्री होने के बाद भी व्यवस्थाओं मे सुधार ना होना चिंता का विषय है या राजनेताओं का प्रशासन पर कोई असर नही हैं।

### मामला इस प्रकार

जिले के सीएम राइज स्कूल गोटेगांव में कक्षा 11 वीं कला संकाय में छत का प्लास्टर गिर जाने के कारण 7 बच्चे घायल हो गये। इनमें 6 छात्राएँ एवं 1 छात्र है। घायल बच्चों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। मिली जानकारी के अनुसार स्कूल मे अध्ययनरत 7 छात्राओं को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया वही मामूली खरोंच आने पर शेष का उपचार गोटेगांव स्वास्थ्य केन्द्र मे कराकर घर भेज दिया गया। उक्त घटना की मुख्य वजह कुछ भी नही बताई गई लेकिन लोगो को अनुमान है कि वारिश के कारण छत का प्लाटर गिरा होगा। गनीमत यह रही कि कोई अप्रिय घटना घटित नही हुई।

### कलेक्टर व एसपी ने जाना हाल

उक्त घटना के बाद 7 छात्राओं को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर पहुंचकर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बच्चों और उनके अभिभावकों के प्रति पूर्ण संवेदनशीलता दिखाते हुए उनका कुशलक्षेम पूछा और घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिये। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 11 वीं की कीर्ति कनैरया, मुस्कान साहू, सृष्टि नामदेव, विनीता मेहरा, वैशाली यादव, प्राची कहार व अर्पित कहार घायल होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

### प्रशासन द्वारा नहीं कराया गया निरीक्षण

छज्जा का गिरना प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते है। प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को समय रहते भवन का निरीक्षण कराकर दुरूस्त कराया कराया जाना था। यदि प्रशासन द्वारा उक्त भवन का दुरूस्त ना कराया जाना दुर्घटना को आमत्रित करना है। गनीमत रही कि उक्त घटना मे कोई अप्रिय घटना घटित नही हुई। सूखे मे निर्माण कार्य कराकर सुधार किया जा सकता है। ऐसे मे अधिकारी व कर्मचारियों की मंशा पर भी सवाल खड़े करता है वही राजनेताओं की कार्यप्रणाली पर कई प्रश्न चिन्ह खड़े करता है या जिले के राजनेता प्रशासन पर लगाम लगाने मे असफल है और अफसरशाही जारी है।

---




## चार्तुमास कलश स्थापना कल

**नरसिंहपुर।** धर्मध्यान,साधना,सात्विक आचरण ओर संस्कारों के लिये कंदेली स्थित दिंगम्बर जैन मंदिर जी में संत शिरोमणि ब्रम्हलीन आचार्य 108विद्यासागर जी महाराज के प्रभावक शिष्य आचार्य समयसागर महाराज जी के आर्शीवाद से आघ्यका मां 105 अनंतमति माता जी के ससंघ पावन अमृत वर्षायोग का पावन संयोग बना है। उक्त संबंध में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप मोदी ने जानकारी देते हुए बताया कि माता जी के ससंघ चार्तुमास कलश स्थापना समारोह 26 जुलाई को दोपहर 1:30 बजे मंदिर जी परिसर में प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्र.तरूण भैया के निर्देशन में आयोजित है। कार्यक्रम में प्रतिभा स्थली की बहनों की सहभागिता के साथ पाठशाला की बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ उदबोधन ओर चार्तुमास के महत्व पर चर्चा होगी। चार्तुमास समिति के अध्यक्ष संजय सिंघई, संजय जैन संगम ने सभी से कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।



## स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**नरसिंहपुर।** गत दिवस जिले में नेशनल अचीवमेंट सर्वे के सफल क्रियान्वयन हेतु गठित टास्क फोर्स की ब्लाक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन , सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार के मार्गदर्शन में जनपद शिक्षा केंद्र करेली में शासकीय, अशासकीय विद्यालयों में नेशनल अचीवमेंट सर्वे के तैयारियों को लेकर की बैठक आयोजित की गई। विकासखंड सहायक संचालक शिक्षा प्रतीक्षा वाईकर ने सभी विद्यालयों में सुचारू क्रियान्वयन करने हेतु निर्देश दिया कि छात्र छात्राओं के समझ के स्तर को बढ़ाने हेतु विद्यालय में अभ्यास प्रक्रिया का सतत होना जरूरी है जिसकी विकासखंड स्तर पर मॉनिटरिंग की जाएगी। विकासखंड नोडल ब्रजेश फौजदार द्वारा नेशनल अचीवमेंट सर्वे की विद्यालय स्तर पर कक्षा शिक्षण के दौरान छात्र छात्राओं की तैयारी केसे कराएं संबंधी जानकारी दी गई। प्रभारी बी आर सी प्रमेंद्र जाट ने नेशनल अचीवमेंट सर्वे छात्र छात्राओं को कलेण्डर एवं टूल के आधार पर विद्यालय में अभ्यास के दौरान प्रश्न के उत्तर ओएमआर सीट पर बच्चों से करवाएं। नेस प्रभारी, विषय शिक्षकों को आवश्यक सपोट हेतु बनाये गये नेस टास्क फोर्स के सभी अधिकारी, कर्मचारी, , अशासकीय विद्यालयों के संस्था प्रमुख मौजूद रहे।

---

## कलेक्टर ने किया छात्रावासों का औचक निरीक्षण

**पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी शामिल हों: कलेक्टर**





**नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने बुधवार को जनजातीय कार्य विभाग द्वारा नरसिंहपुर में संचालित छात्रावासों का औचक निरीक्षण करने पहुंची, जिनमें सीनियर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, आदिवासी कन्या छात्रावास, शासकीय जिला स्तरीय कन्या उत्कृष्ट छात्रावास शामिल हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने इन छात्रावासों में छात्राओं को मिलने वाली सुविधायें, नाश्ता, भोजन, शिष्यवृत्ति, आवास, खेल-कूद सामग्री एवं पुस्ष्तकालय के संबंध में छात्रावास अधीक्षिका एवं यहां मौजूद छात्राओं से जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती पटले से हुये संवाद में छात्राओं ने बताया कि छुट्टियां समाप्त होने के बाद वे यहां पुनः आये हैं और अपने अध्ययन में लगे हैं। चर्चा के दौरान कलेक्टर ने छात्राओं से उनके जीवन के लक्ष्य के बारे में जानकारी ली। छात्राओं ने भी उत्साह से बताया कि वे डॉक्टर, शिक्षिका, आईपीएस बनकर अपनी सेवायें देना चाहती हैं। इस पर कलेक्टर ने छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि छात्रावासों में जिला स्तरीय अधिकारियों को आप लोगों से संवाद करने एवं कॅरियर मार्गदर्शन के लिए भेजा जायेगा। कलेक्टर श्रीमती पटले ने बच्चों को प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ने, जिसमें विशेषतौर से संपादकीय एवं ओपिनियन पृष्ठ पढ़ने, छात्रावासों में रखे कम्प्यूटरों का उपयोग करने की बात भी कही। आप लोग घर से दूर रहकर यहां पढ़ाई करने आये हैं। अपने भोजन एवं अपनी सेहत का ध्यान रखें। छात्रावासों में मौजूद छात्रावास अधीक्षिका को निर्देशित किया कि छात्राओं को समय पर भरपेट ताजा भोजन एवं नाश्ता निर्धारित मीनु के अनुसार ही गुणवत्तायुक्त आहार प्रदान किया जाये। निरीक्षण के दौरान अधीक्षकों को हॉस्टल में साफ सफाई को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। रसोईघर में जाकर खाद्य सामग्री एवं आज प्रदान किये गये भोजन को भी देखा।

## बारदानों की कमी के अभाव में नहीं हो रही मूंग खरीदी



**नरसिंहपुर।** किसान हितैषी सरकार जहां कृषि क्षेत्र में किसानों को राहत देकर किसा नों पर खास फोकस कर रही है वहीं नरसिंहपुर जिले में किसानों के मूंग उपार्जन खरीदी केंद्रो पर किसानों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। नरसिंहपुर जिलेभर में प्रशासन द्वारा करीब 41 मूंग उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं लेकिन देखा जा रहा है कि मूंग उपार्जन खरीदी केन्द्रो पर बारदाने उपलब्ध नहीं कराये जा रहे। बारदाने नहीं होने के कारण मूंग विक्रय करने में किसानों को 5 से 6 दिन का इंतजार कर लिया है फिर बारदाने उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। बारदाने की कमी का ऐसा ही मामला लिंगा में बने मूंग उपार्जन केंद्र नायक देवी प्रभा वेयरहाउस में देखने को मिला जहां पर किसानों ने बताया कि 6 दिनों से हम कतार में लगे हुए हैं लेकिन बारदानों की कमी के कारण हमारी मूंग खरीदी नहीं हो पा रही है फटे बारदाने को किसानों ने सिलकर मूंग विक्रय की अब तो फटे बारदाने भी नहीं बचे हैं प्रशासन द्वारा बारदाने खरीदी केंद्रों पर भेजने में आनाकानी की जा रही है। प्रशासन की तैयारियों में आखिर कहां चूक हुई कि बारदानों की कमी आ गई।जब हमारे संवाददाता ने डीएमओ मूलचंद कुसरे को बारदानें नहीं होने से अवगत कराया तो उन्होंने कहा कि पाली वेयर हाउस से बारदाना मंगवा लो लेकिन पाली वेयरहाउस में भी बारदाने नहीं मिल सके इसकी डीएमओ को भी सूचना दी गई लेकिन बारदानों की व्यवस्था नहीं की गई किसान मायूस, बेवस होकर वेयरहाउस में तीन-चार दिनों से बैठा बारदानों का इंतजार कर रहे हैं और वेयरहाउस के बाहर लंबी-लंबी ट्रैक्टर ट्रक की लाइन लगी हुई है सूचना देने पर भी बारदाना नहीं भेजा जा रहा है लेकिन प्रशासन द्वारा बारदानों की व्यवस्था नहीं की जा रही जिसके चलते किसानों को मूंग विक्रय करने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। खरीदी केंद्र पर आये कृषि विभाग के अधिकारियों से भी शिकायत की लेकिन वह मीडिया से बचती नजर आई। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि बारदानों को वेयरहाउस में जल्द से जल्द पहुंचाया जाए जिससे कि वह मूंग बेचकर अपने घर जा सकें। इसके अलावा जिले की गाडरवारा तहसील में बने मूंग खरीदी केन्द्रो भी बारदानें नहीं होने की खबरें सामने आ रही है।

---




## पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नरसिंहपुर।** गत दिवस जिला मुख्यालय मे एकत्र होकर पटवारियों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे बताया गया है कि पटवारियों द्वारा अपने कार्य का निर्वहन अच्छी तरह किया जा रहा है सरकार द्वारा पटवारियों की मांग को पूरी नही किया गया। हड़ताल के दौरान पटवारियों के वेतन का भुगतान नही किया गया। नक्शा दुरूस्त, गिरदावरी, सीमांकन आदि कार्य पूरी निष्ठा से करने के बाद भी सरकार द्वारा उनकी मांगो को पूरा नही किया जा रहा है। जिसे लेकर ज्ञापन सौंपा गया। उक्त मौके पर नरसिंहपुर तहसील क्षेत्र के सभी पटवारी मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं को रुकने ठहरने नर्मदा घाटों पर बनेंगे सामुदायिक भवन

*विधायक की पहल पर 13 घाटों को मिलें 1.30 करोड*



**तेंदूखेड़ा** तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पुण्य सलिला मां नर्मदा के घाटों पर स्नान करने पहुंचने वाले श्रद्धालुओं परिक्रमा वासियों को ठहरने पर्व विशेष पर नर्मदा घाटों पर स्नान पूजन अर्चन करने वाले आस्थावानों के लिए तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री डा मोहन सिंह यादव एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के माध्यम से 13नर्मदा घाटों पर 1.30 करोड़ की राशि सामुदायिक भवनों के लिए स्वीकृत कराई गई है। जिनमें करहैया बिल्थारी करोंदी कठई छत्तरपुर थरेरी कोठिया बारहा नैनवारा अंडिया घघरोला भटेरा नर्मदा कुटी एवं पद्मघाट नर्मदा तट प्रमुख रुप से शामिल हैं।इन सभी घाटों पर 10 10 लाख के सामुदायिक भवन बनाये जायेंगे।भवन बनने से नर्मदा घाटों पर गर्मी और बरसात के दिनों में छाया को लेकर होने वाली परेशानी से निजात मिल सकेगा वहीं अब श्रद्धालुओं को रुकने की भी व्यवस्था प्रमुख रुप से होने लगेगी।

### खेरुआ टोला में नहीं है बिजली

**तेंदूखेड़ा** काचरकोना ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले खेरुआ टोला में बिजली बंद रहने के कारण वहां के उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि पिछले एक पखवाड़े से ट्रांसफार्मर जला हुआ है।जो आज तक नहीं बदला गया है। बरसात के दिनों में जहरीले जीव-जंतु यहां वहां विचरण किया करते हैं अंधेरे में लोगों को बाहर आना जाना पड़ता है।ऐसी स्थिति में लोगों में भय का वातावरण बना हुआ है। मच्छरों का दंश फिर बच्चों की पढ़ाई में भी बाधा उत्पन्न हो रही है।उपभोक्ताओं ने तत्काल प्रभाव से ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है। लेकिन जब हमारे प्रतिनिधि द्वारा विद्युत अधिकारियों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि यहां बिजली बिल काफी लंबे समय से बकाया पड़ा हुआ है। उपभोक्ता बिल भरने को तैयार नहीं है।

### मलेरिया ऑफ- 200 की दवाइयों का हुआ वितरण

**नरसिंहपुर।** आयुष मलेरिया रोग नियंत्रण कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत मलेरिया से बचाव हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई हाल में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देश अनुसार होम्योपैथी शिविर का आयोजन हुआ जिसमें कार्यालय में कार्यरत स्टाफ अधिकारी कर्मचारी एवं जन सामान्य सहित 341 लोगों को मलेरिया ऑफ 200 मेडिसिन का वितरण किया गया। होम्योपैथिक औषधि मलेरिया ऑफ-200 की 6-6 गोली परिवार के प्रत्येक सदस्य को लेनी है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुरत्ना सिंह चैहान ने बताया जुलाई एवं अगस्त माह संपूर्ण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दवा का वितरण जारी रहेगा आयुष विभाग के चिकित्सक एवं स्टाफ द्वारा दवाई वितरण किया गया।

---

## थ्री इडियट्स फिल्म जैसा सीन, बाढ़ में फंसी महिला का डॉक्टर की टीम द्वारा सुरक्षित नार्मल प्रसव, जुड़वा बच्चों ने लिया जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

आपको कहानी जरूर फिल्मी लगेगी लेकिन यह सच है, कल दिनांक 23 जुलाई 2024 को सिवनी जिलें में अत्याधिक पानी बरसने के कारण से कई गांवो में बाढ की स्थिति निर्मित हो गई थी। कई गावों का सम्पर्क टूट गया था, शहर तक आने के सभी रास्ते बंद हो गये थे। ऐसा ही एक गांव है जोराबाडी जो सिवनी तहसील में आता है, जोराबाडी गांव में एक महिला जिसका नाम रवीना बंशी लाल उइके है जो कि गर्भवती थी, उन्हे अचानक प्रसव पूर्व पीडा होने लगी। पूर्व की रिपोर्ट अनुसार उन्हे जुडवा बच्चों को जन्म देना था। प्रसव पूर्व पीडा के कारण उनके परिवार ने तय किया कि इन्हे तत्काल जिला अस्पताल सिवनी ले जाया जायें लेकिन गांव के सभी रास्ते बाढ के कारण बंद हो गये थे। ऐसे में परिवार ने आशा कार्यकर्ता से सम्पर्क किया तो पता चला कि आशा कार्यकर्ता जिला अस्पताल किसी अन्य महिला के प्रसव के लिये आई हुई है। इस आपातकालीन स्थिति में परिवार द्वारा आशा कार्यकर्ता के माध्यम से जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनीषा सिरसाम मेडम को फोन द्वारा सूचना दी गयी कि ग्राम जोरावाडी में एक गर्भवती महिला रवीना बंशी लाल उइके का प्रसव होना है वह महिला हाईरिस्क है ततपश्चात डॉ मनीषा सिरसाम मेडम के द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महोदय को बताया गया कि बाढ में फंसी हाईरिस्क गर्भवती महिला रवीना बंशी लाल उइके फसी है

## ककरा घाट पर जाने खाईनुमा गड्ढे



**तेंदूखेड़ा।** गाडरवारा एवं तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग के बीच पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन घाट ककरा घाट पर नीचे घाट तक पहुंचने के लिए रास्ते पर मिट्टी का कटाव हो जाने की स्थिति में खाई नुमा गड्ढे बन गये हैं।जिस कारण से आने जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी हुआ करती है। श्रद्धालुओं का कहना है कि गाडरवारा या तेंदूखेड़ा तरफ से यात्री बसों के माध्यम से आने वाले श्रद्धालु सीधे बस से उतर कर पुल के किनारे से ही सार्ट कट निकल जाया करते हैं लेकिन यहां पर अब खाई नुमा गड्ढे हो गए हैं जिससे उन्हें आवागमन में परेशानी हो रही है। चूंकि दूसरी तरफ से जाने वाला सड़क मार्ग पर कीचड़ युक्त माहौल एवं मिट्टी का कटाव बरसात के दिनों में हो जाता है। तथा बार बार टेक्ट्रर ट्राली निकालने के कारण रास्ता चलने लायक नहीं बचता। श्रद्धालुओं ने मांग की है कि शीघ्र ही पुण्य सलिला मां नर्मदा का पावन तट ककरा घाट पर दोनों तरफ पर्याप्त सीढियां बनवाने के साथ पक्की सड़क बनवाई जाये जिससे लोगों को परेशानियां ना हो। वहीं घाट पर समुचित प्रकाश व्यवस्था भी बनाई